भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 5740

27 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बेंगलुरु में अतिरिक्त सीजीएचएस वेलनेस केंद्रों की स्थापना

†5740. डॉ. सी. एन. मंजूनाथ:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बेंगलुरु शहर में अतिरिक्त सीजीएचएस वेलनेस केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो प्रस्तावित स्थानों और उक्त केन्द्रों की स्थापना की समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने सीजीएचएस वेलनेस केंद्रों में विशेषज्ञों और स्टाफ नर्सों की कमी का संज्ञान लिया है और यदि हाँ, तो उक्त कमी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) एअर इंडिया के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सीजीएचएस के पैनल में शामिल अस्पतालों में कैशलेस उपचार न मिलने के क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): बेंगलुरु के सहकारनगर में एक एक्सटेंशन काउंटर को एक पूर्ण-स्तरीय सीजीएचएस आरोग्यता केंद्र में उन्नत किया गया है और यह वर्तमान में कार्यशील है।

सीजीएचएस में चिकित्सकों और परा-चिकित्सक कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। चिकित्सकों और परा-चिकित्सक कर्मचारियों की भर्ती के लिए रिक्तियों की मांग क्रमशः संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) को भेजी जाती है। उनकी सिफारिशों के आधार पर उपलब्ध रिक्तियों के अनुरूप नियुक्तियाँ की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, विशेषज्ञों की कमी को पूरा करने के लिए सेवानिवृत्त सरकारी विशेषज्ञ चिकित्सकों को संविदात्मक आधार पर नियुक्त किया जाता है।

एयर इंडिया के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वर्तमान प्रावधानों के अनुसार सीजीएचएस सेवाओं जैसे ओपीडी परामर्श और रेफरल सेवाओं का लाभ लेने का अधिकार है। हालांकि, इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पैनलबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार एयर इंडिया के अधिकारियों द्वारा प्रशासित किया जाता है।

*****